TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें





teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

https://www.facebook.com/teachersofbihar

https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar

www.teachersofbihar.org


2024

# दिवस ज्ञान

शशिधर उज्जवल

## 19 जून

1. **विश्व सिकल सेल दिवस–** संयुक्त राष्ट्र महासभा के 2008 में आधिकारिक घोषणा के बाद प्रतिवर्ष 19 जून को विश्व सिकल सेल दिवस मनाया जाता है। इस दिवस को सिकल सेल रोग (एससीडी) पर प्रभावी उपचारों के बारे में बताया जाता है। इस बीमारी में लाल रक्त कणिकायें हंसिया के आकार का हो जाता है। यह एक वंशानुगत बीमारी है।

2. **संघर्ष के दौरान यौन हिंसा के उन्मूलन हेतु अंतर्राष्ट्रीय दिवस–** संघर्ष के दौरान यौन हिंसा, अत्याचार, अपहरण, बलात्कार, वेश्यावृत्ति, मानव तस्करी के खिलाफ पीडित लोगों की सहायता करने तथा इसे रोक कर शांति स्थापित करने के उद्देश्य से संयुक्त राष्ट्र महासभा के द्वारा 19 जून, 2015ई. को इसकी घोषणा की गई।

3. **'एप्पल' उपग्रह का प्रक्षेपण–** भारत का प्रथम स्वदेशी संचार उपग्रह 'एप्पल' का प्रक्षेपण 19 जून, 1981 ई. को यूरोपियन अंतरिक्ष संस्था के एरियन रॉकेट से किया गया था। इसका उपयोग विविध संचार परीक्षणों के लिए हुआ था। यह 2.3 वर्षों तक कार्यशील रहा। इसका पुरा नाम 'एरियन पैसेंजर पेलोड प्रयोग' था।

4. **वर्ल्ड एथनिक डे–** दुनिया भर की विभिन्न संस्कृतियों, सभ्यता, कला ऐतिहासिक धरोहरों में विविधता पायी जाती है। हर संस्कृति, कला का अपना अलग महत्त्व होता है। कई संस्कृतियां अपने पहचान को खोते जा रही हैं। ऐसी कला, संस्कृति के संरक्षण के लिए एक साथ प्रतिवर्ष 19 जून को 'वर्ल्ड एथनिक डे' मनाया जाता है।

5. **गुरू हरगोविन्द सिंह जयन्ती–** गुरू हरगोविन्द सिंह सिखों के छठे गुरू थे। उनका जन्म अमृतसर पंजाब में 19 जून, 1595 ई. में हुआ था। उनके माता का नाम गंगा और पिता का नाम गुरू अर्जुन देव था। सन् 1606 में हीं उन्हें 11 साल की उम्र में गुरू की उपाधि मिल गई। उन्होंने 'अकाल तख़्त' या 'प्रभू का सिंहासन' की स्थापना की। वे युद्ध कला में महिर थे और युद्ध में शामिल होने वाले पहले गुरू भी थे। उन्होंने अत्याचार के विरूद्ध युद्ध करने को कहा और स्वयं 'सच्चा बादशाह' की उपाधि धारण की। उन्होंने राजोचित चिह्न–छत्र, शस्त्र और बाज़ धारण किये तथा सैनिक पोशाक पहनना आरंभ किया।

   - **संदर्भः** वर्ग 7, इतिहास की पुस्तक **अतीत से वर्तमान भाग 2, अध्याय 9,** के उपखंड 'सिक्ख राज्य' से जोड़कर चर्चा करें।

T u e s d a y

मधु प्रिया

# विश्व एथनिक दिवस 19 जून



विश्व भर में अलग-अलग क्षेत्रों की ऐतिहासिक विरासत, सभ्यता, कला और संस्कृति के संरक्षण हेतु यह दिवस मनाया जाता है।  विश्व संस्कृति के संरक्षण एवं उसकी सुरक्षा रखने के उद्देश्य से हर साल विश्व एथनिक दिवस मनाया जाता है। इस दिवस के अवसर पर लोगों को देश की संस्कृति एवं कलाओं के बारे में बताया जाता है। एथनिक के प्रति जागरूकता के लिए भारतीय सिनेमा जगत की मशहूर अदाकारा विद्या बालन को एथनिक उत्पापदों की ऑनलाइन कंपनी क्राफ्ट्सविला डॉट काम ने इस दिवस का ब्रांड एम्बेसडर भी नियुक्त किया था। इस अवसर पर विद्याबलन ने कहा था कि हमे इस दिवस के अवसर पर हमें अपनी जड़ों पर दोबारा जुड़ने का अवसर मिलता है। एथिनिक दिवस के अवसर पर लोगों को हथकरघा की कला को बनाने रखने के लिए प्रेरित किया जाता है। हथकरघा निर्मित वस्तुओं को बाजार में उचित मूल्य ना मिलने एवं कलाकारों की जीविका सुनिश्चित ना होने की दशा में लोग हथकरघा छोड़ अन्य क्षेत्रों में पलायन कर रहे हैं। यह दिवस दुनियाभर में विभिन्न क्षेत्रों की ऐतिहासिक विरासत, सभ्यता, मानव जाति, कला विज्ञान एवं संस्कृति के संरक्षण तथा उनकों सुरक्षित करने के लिए जागरूकता फैलाने के उद्देश्य मनाया जाता है। विश्व एथनिक दिवस  एक ऐसी दुनिया की परिकल्पना करता है जो अपनी विरासत, सभ्यता, नृविज्ञान, कला और संस्कृति का जश्न मनाती है

# जन्मदिन विशेष 19 जून

राकेश कुमार




**राहुल गांधी** *Rahul Gandhi*, जन्म: 19 जून, 1970) प्रसिद्ध भारतीय राजनेता और देश के पुराने राजनीतिक दल कांग्रेस के अध्यक्ष हैं। उन्हें दिसम्बर 2017 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया गया था। वह संसद के निचले सदन लोकसभा में केरल स्थित वायनाड चुनाव क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं। राहुल गांधी उस 'नेहरू गाँधी' परिवार से हैं जो भारत का प्रमुख राजनीतिक परिवार है।

Teachers of Bihar

The Change Makers

राकेश कुमार

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 19.06.2024

## आलंकारिक भाषा

आलंकारिक भाषा एक साहित्यिक उपकरण है जो गैर-शाब्दिक अर्थ वाले शब्दों का प्रयोग करती है। जबकि शाब्दिक भाषा सीधे जानकारी देती है, आलंकारिक भाषा को रचनात्मक व्याख्या की आवश्यकता होती है क्योंकि इसका अर्थ या इरादा शब्दों और वाक्यांशों के विशिष्ट उपयोग से परे होता है।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

Rakesh kumar



आपको जानकार हैरानी होगी की **ओलंपिक** के स्विमिंग कंपटीशन में जहां **प्रोफेशनल तैराक** हिस्सा लेते हैं, वहां खिलाड़ियों को **डूबने** से बचाने के लिए **लाइफगार्ड** (Lifeguard) भी शामिल होते हैं।

TOB

राकेश कुमार

# खेल कॉर्नर

## टी-20 तथ्य




### टी-20 में सबसे ज्यादा एक रन के अंतर से जीत

| टीम | मैच | एक रन से जीत |
|---|---|---|
| साउथ अफ्रीका | 180 | 5 |
| इंग्लैंड | 187 | 2 |
| इंडिया | 222 | 2 |
| न्यूजीलैंड | 219 | 2 |
| आयरलैंड | 168 | 2 |

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

QUIZ TIME

# Today's Quiz

## Quiz Number 420

# पोलियो टीका का खोज किसने किया ?

A. जोन्स साल्क

B. लेनक

C. एडवर्ड स्नोडेन

D.  रोनाल्ड रॉस

www.teachersofbihar.org

सही उत्तर: A




समस्त विश्व में अलग - अलग क्षेत्रों की ऐतिहासिक विरासत, सभ्यता, मानव जाति विज्ञान, कला और संस्कृति के संरक्षण और उनको सहेजने के लिए लोगों को जागरूक एवं प्रेरित करने का अवसर

# विश्व एथनिक दिवस

की हार्दिक शुभकामनाएं।

Madhu priya

सिखों के छठें गुरू

# गुरु हर गोबिन्द

की जयंती पर सादर नमन।

जन्म- 19 जून 1595 - मृत्यु-28 फरवरी 1644



Madhu priya

www.teachersofbihar.org

19 जून 2024


Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

विचार और व्यवहार में सामंजस्य न होना ही धूर्तता है, मक्कारी है।

**मुंशी प्रेमचन्द**



राकेश कुमार